| | | | |
|---|---|---|---|
| **3.2 भूखण्डों के आकार और अपेक्षाएं** | | | |
| 3.2.1 | **आवासीयः** आवासीय प्रयोजन के लिए भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर तथा भूखण्ड की न्यूनतम चौड़ाई 3.50 मीटर होगी। सार्वजनिक अभिकरणों द्वारा प्रस्तावित अथवा वित्त पोषित विशिष्ट आवासीय योजनाओं (दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग), स्लम क्लीयरेन्स स्कीम, औद्योगिक श्रमिक आवास योजनाओं, आदि में विशेष गृह योजना के अधीन आर्थिक दृष्टि से दुर्बल व्यक्तियों के लिए भूखण्ड का न्यूनतम आकार 25 वर्ग मीटर तक रखा जा सकता है जिसमें 75 प्रतिशत भू–आच्छादन अनुमन्य होगा। विशिष्ट डिजाइन के आधार पर जिसमें इस समूह के लिए खुले क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति 'क्लस्टर ओपेन स्पेस' के रूप में सुनिश्चित की जाए, भूखण्ड का न्यूनतम आकार 15 वर्ग मीटर तक रखा जा सकता है तथा इसमें भू–आच्छादन 100 प्रतिशत तक, इस शर्त के साथ कि सम्वातन और प्रकाश का समुचित प्राविधान हो, अनुमन्य किया जा सकता है। | **आवासीयः** आवासीय प्रयोजन के लिए भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर तथा भूखण्ड की न्यूनतम चौड़ाई 3.50 मीटर होगी। दुर्बल एवं अल्प आय वर्गों तथा अन्य वर्गों को अफोर्डेबल हाउसिंग उपलब्ध कराने के लिए मानकों की अपेक्षाएं इस उपविधि के अध्याय–24 के अनुसार होंगी। | |
| 3.2.2 | **ग्रुप हाउसिंगः** ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर होगा, जो न्यूनतम 12 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्थित होगा, परन्तु 18 मीटर या इससे अधिक चौड़ी सड़क से भूखण्ड की दूरी 100 मीटर से अधिक नही होगी। ग्रुप हाउसिंग के निर्माण हेतु अन्य अपेक्षाएं इस उपविधि के प्रस्तर–3.3 के अनुसार होंगी। | **ग्रुप हाउसिंगः** ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर होगा। ग्रुप हाउसिंग के निर्माण हेतु अन्य अपेक्षाएं इस उपविधि के प्रस्तर–3.3 के अनुसार होंगी। | |
| 3.2.6 | **पेट्रोल पम्प/फिलिंग स्टेशनः** पेट्रोल पम्प/फिलिंग स्टेशन के लिए भूखण्ड का न्यूनतम आकार 30 मी. X 17 मी. होगा तथा फिलिंग स्टेशन–कम– सर्विस स्टेशन का न्यूनतम आकार 45 मी. X 36 मी. होगा, जो न्यूनतम 24 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्थित होगा। पेट्रोल फिलिंग स्टेशन के निर्माण हेतु अन्य अपेक्षाएं इस उपविधि के अध्याय–8 के अनुसार होंगी। | **पेट्रोल पम्प/फिलिंग स्टेशनः** पेट्रोल पम्प/फिलिंग स्टेशन के लिए भूखण्ड का न्यूनतम आकार 30मी. X 17मी., फिलिंग–कम–सर्विस स्टेशन का न्यूनतम आकार 36मी X 30मी., फिलिंग–कम–सर्विस स्टेशन–कम–वर्कशाप का न्यूनतम आकार 45 मी. X 36 मी. तथा दुपहिया एवं तिपहिया वाहनों हेतु फिलिंग स्टेशन का न्यूनतम आकार 18 मी. X 15 मी. होगा, जो न्यूनतम 24 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्थित होगा। पेट्रोल पम्प/ फिलिंग स्टेशन के निर्माण हेतु अन्य अपेक्षाएं इस उपविधि के अध्याय–8 के अनुसार होंगी। | |

**3.3 समूह आवास (ग्रुप हाउसिंग)**

| | | |
|---|---|---|
| 3.3.3 | ग्रुप हाऊसिंग हेतु प्रस्तावित भूखण्ड न्यूनतम 12 मीटर चौड़ी विद्यमान सड़क पर स्थित होगा, परन्तु 18 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क से भूखण्ड की दूरी 100 मीटर से अधिक नही होगी। ग्रुप हाउसिंग ले–आउट प्लान के अन्तर्गत वाहन योग्य मार्गों/सड़कों की चौड़ाई एवं लम्बाई इस उपविधि के प्रस्तर–2.3.1 (I) के अनुसार होगी। | ग्रुप हाऊसिंग हेतु प्रस्तावित भूखण्ड न्यूनतम 12 मीटर चौड़ी विद्यमान सड़क पर स्थित होगा। ग्रुप हाउसिंग ले–आउट प्लान के अन्तर्गत वाहन योग्य मार्गों/सड़कों की चौड़ाई एवं लम्बाई इस उपविधि के प्रस्तर–2.3.1 (I) के अनुसार होगी। |
| 3.3.5 | **पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा लैण्डस्केपिंग**<br>3000 वर्ग मीटर अथवा इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों में प्रति व्यक्ति 1.0 वर्गमीटर अथवा योजना के कुल क्षेत्रफल का 15 प्रतिशत दोनों में से जो अधिक हो, की दर से पार्क एवं खुले क्षेत्र का प्राविधान किया जाएगा। भवन मानचित्र के साथ लैण्डस्केपिंग प्रस्ताव का अनुमोदन भी आवश्यक होगा; जिसके अनुसार ग्रुप हाऊसिंग योजना में प्रति हेक्टेयर 50 पेड़ की दर से पेड़ लगाए जाएंगे। | **पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा लैण्डस्केपिंग**<br>3000 वर्ग मीटर अथवा इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों में जो ज़ोनल डेवलपमेन्ट प्लान का भाग हो, के अन्तर्गत योजना के कुल क्षेत्रफल के 10 प्रतिशत की दर से पार्क एवं खुले क्षेत्र का प्राविधान किया जाएगा। ज़ोनल डेवलपमेन्ट प्लान प्रभावी न होने की दशा में योजना के कुल क्षेत्रफल के 15 प्रतिशत की दर से पार्क एवं खुले क्षेत्र का प्राविधान किया जाएगा। भवन मानचित्र के साथ लैण्डस्केपिंग प्रस्ताव का अनुमोदन भी आवश्यक होगा; जिसके अनुसार ग्रुप हाऊसिंग योजना में प्रति हेक्टेयर 50 पेड़ की दर से पेड़ लगाए जाएंगे। |
| 3.3.6(II) | अधिकतम भू–आच्छादन 35 प्रतिशत अनुमन्य होगा। | (I) अधिकतम भू–आच्छादन 40 प्रतिशत अनुमन्य होगा। भवन की प्रतिबन्धित ऊंचाई के क्षेत्रों में अधिकतम भू–आच्छादन 45 प्रतिशत अनुमन्य होगा।<br>(II)ग्रुप हाउसिंग परियोजना में कुल अनुमन्य एफ.ए.आर. का अधिकतम 0.5 प्रतिशत एफ.ए.आर. कन्वीनिएन्ट शॉप्स के लिए अनुमन्य होगा। |
| 3.3.6 (VII) | दुर्बल आय वर्ग के व्यक्तियों हेतु विशिष्ट योजनाओं में अधिकतम घनत्व 500 आवासीय इकाई प्रति हेक्टेयर तक होगा। | इस प्रस्तर को डिलीट किया जाना प्रस्तावित है, क्योंकि अध्याय–24 में इससे सम्बन्धित प्राविधान शामिल किए गए हैं। |

**3.5 भू–आच्छादन एवं एफ.ए.आर.**

3.5.1

| 8. | होटल | भू–आच्छादन | एफ.ए.आर. |
|---|---|---|---|
| | (क)निर्मित/विकसित क्षेत्र | | |
| | • 3 स्टार तक | 40 | 1.20 |
| | • 5 स्टार एवं अधिक | 30 | 2.00 |
| | (ख)नए/अविकसित क्षेत्र | | |
| | •3 स्टार तक | 40 | 1.50 |
| | •5 स्टार एवं अधिक | 30 | 2.50 |

| 8. | होटल | भू–आच्छादन | एफ.ए.आर. |
|---|---|---|---|
| | (क)निर्मित/विकसित क्षेत्र | 40 | 2.00 |
| | (ख)नए/अविकसित क्षेत्र | 40 | 2.50 |

## 3.9 भू–गेह (बेसमेन्ट)

| | | |
|---|---|---|
| 3.9.3 | **बेसमेन्ट के प्राविधान** | **बेसमेन्ट के प्राविधान** |

**बेसमेन्ट के प्राविधान** (वर्तमान)

| क्र. सं. | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमी.) | भू–उपयोग की प्रकृति | बेसमेन्ट के प्राविधान |
|---|---|---|---|
| 1. | 100 तक | 1.1 आवासीय/ अन्य गैर–व्यवसायिक | अनुमन्य नही |
| | | 1.2 कार्यालय एवं व्यवसायिक | भू–आच्छादन का 50 प्रतिशत |
| 2. | 101 से अधिक परन्तु 2000 से कम | 2.1 आवासीय | भू–आच्छादन का 20 प्रतिशत |
| | | 2.2 गैर–आवासीय | भू–आच्छादन के बराबर |
| 3. | 2000 एवं अधिक | 3.1 ग्रुप हाउसिंग/ व्यवसायिक एवं अन्य बहुमंजिले भवन | 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के भूखण्डों में डबल बेसमेन्ट तथा 4000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों में तीन बेसमेन्ट |
| | | 3.2 औद्योगिक | भू–आच्छादन के बराबर, परन्तु 50 प्रतिशत की गणना एफ.ए.आर. में होगी |
| | | 3.3 सामुदायिक सुविधाएं | 'डबल' बेसमेन्ट |

**बेसमेन्ट के प्राविधान** (प्रस्तावित)

| क्र. सं. | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमी.) | भू–उपयोग की प्रकृति | बेसमेन्ट के प्राविधान |
|---|---|---|---|
| 1. | 100 तक | 1.1 आवासीय / अन्य गैर–व्यवसायिक | अनुमन्य नही |
| | | 1.2 कार्यालय एवं व्यवसायिक | भू–आच्छादन का 50 प्रतिशत |
| 2. | 100 से अधिक परन्तु 500 तक | 2.1 आवासीय | भू–आच्छादन का 20 प्रतिशत |
| | | 2.2 गैर–आवासीय | भू–आच्छादन के बराबर |
| 3. | 500 से अधिक परन्तु 1000 तक | 3.1 आवासीय | बिल्डिंग इन्चेल्प लाइन तक एक बेसमेन्ट |
| | | 3.2 गैर–आवासीय | बिल्डिंग इन्चेल्प लाइन तक दो बेसमेन्ट |
| 4. | 1000 से अधिक | 3.1 आवासीय/ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, कार्यालय, सामुदायिक सुविधाएं एवं अन्य बहुमंजिले भवन | 1000–2000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के भूखण्डों में डबल बेसमेन्ट, 2000–10,000 तक 4 बेसमेन्ट तथा 10,000 वर्ग मीटर से अधिक में कोई प्रतिबन्ध नही। |
| | | 3.2 औद्योगिक | अनुमन्य भू–आच्छादन के बराबर, परन्तु 50 प्रतिशत की गणना एफ.ए.आर. में होगी |

| | | |
|---|---|---|
| 3.9.3(IV) | उपरोक्त तालिका के कमॉक–3 में उल्लिखित समस्त प्रकृति के भू–उपयोगों/भवनों में प्राविधानित बेसमेन्ट को केवल पार्किंग के ही उपयोग में लाया जाएगा, अन्य कोई भी उपयोग निषिद्ध होगा। | प्रस्तर–3.9.1(IV) के प्राविधानों से विरोधाभास होने के कारण इस प्रस्तर को डिलीट किया जाना प्रस्तावित है। |

## 3.10 वाहनों को खड़े करने का स्थान (पार्किंग)

3.10.3 **पार्किंग के मानक**

| उपयोग | समान कार स्थल की संख्या |
|---|---|
| • समूह आवास (ग्रुप हाउसिंग) | • 50–75 व.मी. तल क्षेत्रफल के प्रत्येक फ्लैट पर 1.0, |
| | • 75–150 व.मी. तक तल क्षेत्रफल के प्रत्येक फ्लैट पर 1.25,<br>• 151 व.मी. से अधिक तल क्षेत्रफल के प्रत्येक फ्लैट पर 1.5 |
| • नगर केन्द्र/ सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट उप नगर केन्द्र/सब सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट / डिस्ट्रिक्ट शापिंग सेन्टर | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 3.0 |
| • सेक्टर शापिंग सेन्टर, बाजार स्ट्रीट, कन्वीनिएन्ट शापिंग | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 2.0 |
| **होटल** | |
| (I) तीन स्टार होटल | दो गेस्ट रूम पर 1.0 तथा व्यवसायिक उपयोग हेतु प्रति 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल। |
| (II) चार एवं अधिक स्टार | एक गेस्ट रूम पर 1.0 तथा व्यवसायिक उपयोग हेतु प्रति 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल। |
| **कार्यालय/ न्यायालय** | प्रति 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल। |

| उपयोग | समान कार स्थल की संख्या | |
|---|---|---|
| • समूह आवास (ग्रुप हाउसिंग) | **मेट्रो नगर** | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 1.5 |
| | **अन्य नगर** | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 1.25 |
| **नोटः–**कुल पार्किंग क्षेत्र का 10 प्रतिशत भाग 'विजिटर्स पार्किंग' के लिए आरक्षित किया जाएगा, जिसमें प्रवेश एवं निकास की उचित व्यवस्था की जाएगी। | | |
| • नगर केन्द्र/ उप–नगर केन्द्र | **मेट्रो नगर** | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 3.0 |
| | **अन्य नगर** | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 2.0 |
| • सेक्टर शापिंग बाजार स्ट्रीट | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 1.5 | |
| • कन्वीनिएन्ट शापिंग | मेट्रो नगर | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 2.0 |
| | अन्य नगर | प्रत्येक 100 व.मी. तल क्षेत्रफल पर 1.0 |
| **होटल** | | |
| समस्त स्टार श्रेणी के होटलों हेतु प्रत्येक दो गेस्ट रूम पर 1.0 पार्किंग स्थल तथा व्यवसायिक, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेन्ट्स एवं बैंन्कवेटिंग के प्रति 100 वर्गमीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल। स्टार रहित/बजट होटल के लिए प्रति 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 1.5 पार्किंग स्थल। | | |
| **कार्यालय** | | |
| | **मेट्रो नगर** | प्रत्येक 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल |
| | **अन्य नगर** | प्रत्येक 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 1.5 पार्किंग स्थल |

**टिप्पणीः** ले–आऊट प्लान के अन्तर्गत पार्क एवं खुले क्षेत्र हेतु आरक्षित भूमि का अधिकतम 5 प्रतिशत भाग भूमिगत (बेसमेन्ट) पार्किंग के उपयोग में लाया जा सकता है।

<table>
<tr>
<td></td>
<td></td>
<td>(VI) पार्किंग व्यवस्था निम्नवत होगी:–
<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>नगर का आकार</th><th>पार्किंग व्यवस्था</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>मैट्रो नगर</td><td>प्रत्येक 02 गेस्ट रूम पर 01 पार्किंग स्थल तथा व्यवसायिक, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेन्ट्स एवं बैन्कवेटिंग के प्रति 100 वर्गमीटर तल क्षेत्रफल पर 03 कार पार्किंग स्थल।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>अन्य नगर</td><td>प्रत्येक 02 गेस्ट रूम पर 01 पार्किंग स्थल तथा व्यवसायिक, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेन्ट्स एवं बैन्कवेटिंग के प्रति 100 वर्गमीटर तल क्षेत्रफल पर 02 कार पार्किंग स्थल।</td></tr>
</table>
(VII) भवन निर्माण सम्बन्धी अन्य अपेक्षाएं यथा–सैट–बैक, फायर सेफ्टी एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी, आदि प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार होंगी।</td>
</tr>
<tr>
<td>5.5</td>
<td>पार्किंग<br>वाहनों की पार्किंग हेतु निम्नानुसार पार्किंग व्यवस्था भूखण्ड के अन्दर की जाएगी:–
<table>
<tr><td>(क)</td><td>तीन स्टार होटल</td><td>दो गेस्ट रूम पर 1.0 तथा इसके अतिरिक्त अन्य व्यवसायिक यथा फूड कोर्ट, शापिंग, कान्फ्रेन्स/ मैरिज/ प्रदर्शनी हाल, आदि उपयोग हेतु प्रति 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल।</td></tr>
<tr><td>(ख)</td><td>चार एवं अधिक स्टार होटल</td><td>एक गेस्ट रूम पर 1.0 तथा इसके अतिरिक्त अन्य व्यवसायिक यथा फूड कोर्ट, शापिंग, कान्फ्रेन्स/ मैरिज/ प्रदर्शनी हाल, आदि उपयोग हेतु प्रति 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल।</td></tr>
</table></td>
<td>पार्किंग<br>समस्त स्टार श्रेणी के होटलों हेतु प्रत्येक दो गेस्ट रूम पर 1.0 पार्किंग स्थल तथा व्यवसायिक, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेन्ट्स एवं बैंन्कवेटिंग के प्रति 100 वर्गमीटर तल क्षेत्रफल पर 2.0 पार्किंग स्थल। स्टार रहित/बजट होटल के लिए प्रति 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर 1.5 पार्किंग स्थल।</td>
</tr>
</table>

